इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 122

22 नवम्बर, 2012 को उत्तर के लिए

## देश में इस्पात उत्पादन

122. श्री प्रकाश जावडेकर:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2006 से इस्पात क्षमता तथा उत्पादन का ब्यौरा क्या है;

(ख) घटते इस्पात उत्पादन के क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार इस्पात उत्पादन में बढ़ोतरी हेतु क्या कार्रवाई करने की मंशा रखती है?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)

(क): वर्ष 2006-07 से 2011-12 तक देश में क्रूड स्टील की क्षमता और उत्पादन के आंकड़ें नीचे तालिका में दिए गए हैं:

| भारत: क्रूड स्टील (मिलियन टन या एमटी) | | |
|---|---|---|
| वर्ष | क्षमता | उत्पादन |
| 2006-07 | 56.843 | 50.817 |
| 2007-08 | 59.845 | 53.857 |
| 2008-09 | 66.343 | 58.437 |
| 2009-10 | 75.001 | 65.839 |
| 2010-11 | 80.363 | 70.671 |
| 2011-12* | 89.289 | 73.792 |
| स्रोत: जेपीसी; *अनंतिम | | |

(ख): क्रूड स्टील के उत्पादन के संबंध में वर्ष-दर-वर्ष परिवर्तन के आंकड़े जो कि पैरा (क) में दर्शाये गये हैं, किसी गिरावट को इंगित नहीं करते हैं।

(ग): स्टील एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। सरकार औद्योगिक कार्य-निष्पादन के अपने मूल्यांकन के आधार पर उपयुक्त नीतिगत उपायों के जरिए स्टील उद्योग के विकास को प्रोत्साहित करती है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम यथा स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) ने स्टील उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने के लिए और ऐसी आधुनिकी प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए जो कम विद्युत खपत वाली, लागत किफायती और पर्यावरण के अनुकूल हो, अपने स्वयं के विस्तार/आधुनिकीकरण कार्यक्रम आरंभ किए हैं।

***********